रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-29052025-263458
CG-DL-E-29052025-263458

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 391] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मई 29, 2025/जयेष्ठ 8, 1947
No. 391] NEW DELHI, THURSDAY, MAY 29, 2025/JYAISHTHA 8, 1947

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 मई, 2025

फा. सं. के.का.:मा.सं.प्र.:औ.सं.वि: 2025-26: 51.—1970 के बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल द्वारा, भारतीय रिज़र्व बैंक से परामर्श प्राप्त करने के पश्चात् तथा भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति से — परंतु भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग के पत्र क्रमांक 4/2/1/2022-आईआर, दिनांक 13 मार्च, 2024 के अनुपालन में की गई या छोड़ दी गई बातों को छोड़कर — दिनांक 1 नवम्बर, 2022 से इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि तक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारियों की) सेवा विनियम, 1979 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाए गए हैं, अर्थात्:–

1. (i) इन विनियमों को *सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारियों की) सेवा (संशोधन) विनियम, **2025*** कहा जाएगा.
(ii) ये विनियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे.

2. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारियों की) सेवा विनियम, 1979 (जिसे आगे "उक्त विनियम" कहा गया है) में, विनियम 3 में—

(i) खण्ड (f) के स्थान पर निम्नलिखित खण्ड को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:

'**(f)** चिकित्सीय सुविधाओं तथा अवकाश यात्रा रियायत के प्रयोजनों के लिए अधिकारी के **"**परिवार**"** का तात्पर्य निम्नलिखित होगा**—**

(i) अधिकारी का पति या पत्नी;

(ii) पूर्णतः आश्रित अविवाहित संतान (जिसमें सौतेली संतान तथा विधिक रूप से दत्तक संतान सम्मिलित हैं);

(iii) 40% या अधिक शारीरिक या मानसिक दिव्यांगता वाले पूर्णतः आश्रित भाई या बहन;

(iv) विधवा पुत्रियाँ तथा आश्रित तलाकशुदा अथवा पति से अलग रह रही पुत्रियाँ;

(v) बहनें, अविवाहित, तलाकशुदा या परित्यक्त या पति से अलग रह रही या विधवा बहनें सहित; एवं

(vi) अधिकारी पर पूर्णतः आश्रित माता-पिता

यह भी उपबंधित है कि शारीरिक अथवा मानसिक रूप से विकलांग संतान चाहे उनकी आयु कुछ भी हो, उन्हें विवाह के उपरांत भी आश्रित माना जाएगा, बशर्ते कि वे आश्रित के लिए निर्धारित आय मानदंड को पूर्ण करते हों.

स्पष्टीकरण **1.—**"पूर्णतः आश्रित परिवार के सदस्य" से तात्पर्य परिवार के ऐसे सदस्य से होगा जिसकी मासिक आय ₹18,000/- प्रति माह से अधिक न हो**.** यदि माता-पिता में से किसी एक की आय ₹18,000/- प्रति माह से अधिक है या माता-पिता दोनों की कुल आय ₹18,000/- प्रति माह से अधिक है, तो माता-पिता दोनों को अधिकारी पर पूर्ण रूप से आश्रित नहीं माना जाएगा.

स्पष्टीकरण **2.—**सभी अधिकारियों अर्थात पुरूष या महिला के लिए चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति योजना एवं अवकाश यात्रा रियायत के संदर्भ में, आश्रित माता, पिता, सास, ससुर में से किन्हीं दो को कवर किया जाएगा. अधिकारी को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में आश्रित सदस्यों में से किसी एक या दोनों को बदलने का विकल्प होगा.

स्पष्टीकरण **3.—**यह परिभाषा दिनांक 1 अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगी तथा कैलेण्डर वर्ष 2024 के लिए चिकित्सा बीमा योजना के संदर्भ में आश्रितों की संशोधित मासिक आय सीमा दिनांक 1 नवम्बर, 2024 से प्रभावी होगी.'

3. उक्त विनियमों के विनियम 4 में, ——

(a) उप-विनियम 7 का *स्पष्टीकरण* हटा दिया जाएगा;

(b) उप-विनियम (8), 9(a) और 9(b) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(8) दिनांक 1 नवम्बर, 2022 से, प्रत्येक श्रेणी के लिए निर्दिष्ट वेतनमान निम्नानुसार होंगे:

(i) उच्च कार्यपालक श्रेणी

वेतनमान VII = ₹156500 – 4340/4 – ₹173860

वेतनमान VI = ₹140500 – 4000/4 – ₹156500

(ii) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान V = ₹120940 – 3360/2 –127660 – 3680/2 –135020

वेतनमान IV = ₹102300 – 2980/4 –114220 – 3360/2 –120940

(iii) मध्य प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान III = ₹85920 – 2680/5 –99320 – 2980/2 –105280

वेतनमान II = ₹64820 – 2340/1 –67160 – 2680/10 –93960

(iv) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी

वेतनमान I = ₹48480 – 2000/7 –62480 – 2340/2 –67160 – 2680/7 –85920

स्पष्टीकरण.—प्रत्येक अधिकारी जो दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को लागू वेतनमान द्वारा अधिशासित था, उसे दिनांक 1 नवंबर, 2022 को इस उप-विनियम में दर्शाए वेतनमान में स्टेज टू स्टेज आधार पर समायोजित किया जाएगा, अर्थात संबंधित वेतनमानों में प्रथम चरण से आगे तत्संगत चरणों पर निर्धारण किया जाएगा एवं वेतनवृद्धियां सामान्यतः वार्षिकी की दिनांक पर देय होंगी जब तक कि अन्यथा कोई प्रावधान न किया गया हो.

(9) शीर्ष कार्यपालक श्रेणी में मुख्य महाप्रबंधक पद के लिए वेतनमान इस प्रकार होगा:

शीर्ष कार्यपालक श्रेणी वेतनमान VIII = ₹253000 – 9000/4 – ₹289000

(10) उप-विनियम (1) से (9) में किसी बात का अर्थ यह नहीं लगाया जाएगा कि बैंक को सदैव इन सभी श्रेणियों अधिकारियों को रखना अनिवार्य है.

(11) दिनांक 1 नवम्बर, 2012 से, अधिकारियों को विशेष भत्ते निम्नानुसार देय होंगे:

वेतनमान I से III — मूल वेतन का **7.75 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

वेतनमान IV से V — मूल वेतन का **10 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

वेतनमान VI से VII — मूल वेतन का **11 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

(12) दिनांक 1 नवम्बर, 2017 से, अधिकारियों को विशेष भत्ते निम्नानुसार देय होंगे:

वेतनमान I से III — मूल वेतन का **16.40 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

वेतनमान IV से V — मूल वेतन का **19 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

वेतनमान VI से VII — मूल वेतन का **20 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

(13) दिनांक 1 नवम्बर, 2022 से, अधिकारियों को विशेष भत्ते निम्नानुसार देय होंगे:

वेतनमान I — मूल वेतन का **26.50 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

वेतनमान II से III — मूल वेतन का **28.30 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

वेतनमान IV से V — मूल वेतन का **30.50 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

वेतनमान VI से VII — मूल वेतन का **31.50 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

(14) शीर्ष कार्यपालक श्रेणी में मुख्य महाप्रबंधक के पद के लिए विशेष भत्ता निम्नानुसार देय होगा:

विशेष भत्ता (वेतनमान VIII) — मूल वेतन का **28.30 प्रतिशत**, तथा उस पर लागू महंगाई भत्ता

नोट: उप-विनियम (11) से (14) में निर्दिष्ट विशेष भत्ता और उस पर लागू महंगाई भत्ते को परिभाषित अंशदान पेंशन योजना (नई पेंशन योजना), भविष्य निधि और ग्रेच्युटी जैसे सेवानिवृत्ति लाभों के लिए गणना में नहीं लिया जाएगा."

4. उक्त विनियमों के विनियम 5 में,—

(a) उप-विनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:—

"(1) विनियम 4 के उप-विनियम (8) एवं (9) के प्रावधानों के अधीन, दिनांक 1 नवंबर, 2022 को तथा उसके बाद से, वेतन वृद्धि निम्नलिखित शर्तों के अधीन दी जाएगी:-

(a) विनियम 4 के उप-विनियम (8) एवं (9) में निर्दिष्ट वेतनमानों के अनुसार वेतनवृद्धियाँ, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन, वार्षिक आधार पर देय होंगी एवं जिस माह में वे देय हों, उस माह की पहली तिथि को प्रदान की जाएँगी;

(b) अपने वेतनमान में अधिकतम तक पहुँचने के एक वर्ष बाद, वेतनमान I तथा वेतनमान II में कार्यरत अधिकारियों को, केवल नीचे दिए गए खण्ड (c) एवं (d) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार, दक्षता सीमा पार करने की स्थिति में, अगले उच्चतर वेतनमान में और वेतनवृद्धियाँ (जिसमें विराम वेतनवृद्धियाँ भी सम्मिलित हैं) प्रदान की जाएँगी;

(c) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान I के अधिकारी, जो खण्ड (b) के तहत, उच्चतर वेतनमान के अधिकतम वेतन तक पहुँचने के बाद, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II के वेतनमान में स्थानांतरित हो चुके हैं, वे कुल सात विराम वेतनवृद्धियों के लिए पात्र होंगे. इनमें से प्रत्येक वेतनवृद्धि दो-दो वर्ष की पूर्ण सेवा पर देय होगी, जिसमें प्रारंभ की दो वेतनवृद्धियाँ ₹2680/- प्रत्येक की होंगी और शेष पाँच ₹2980/- प्रत्येक की होंगी:

बशर्ते कि, पाँचवीं विराम वेतनवृद्धि के निर्गमन के दो वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी छठी विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा:

बशर्ते यह भी कि, पाँचवीं विराम वेतनवृद्धि के निर्गमन के चार वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी सातवीं विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा;

(d) मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II के अधिकारी, जो खंड (b) के तहत, उच्चतर वेतनमान के अधिकतम वेतन तक पहुँचने के बाद, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान III के वेतनमान मे स्थानांतरित हो चुके हैं, वे कुल सात विराम वेतनवृद्धि, प्रत्येक ₹ 2980/- की वेतनवृद्धि प्रत्येक दो वर्ष की पूर्ण सेवा के उपरांत, के लिए पात्र होंगे:

बशर्ते कि, पाँचवीं विराम वेतनवृद्धि जारी होने के दो वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी छठी विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा;

बशर्ते यह भी कि, पाँचवीं विराम वेतनवृद्धि जारी होने के चार वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी सातवीं विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा;

(e) वे अधिकारी जो वास्तविक रूप से मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान III में नियुक्त हैं, अर्थात् जिन्हें वेतनमान III में पदोन्नति मिली है अथवा भर्ती हुई है, वे आठ विराम वेतनवृद्धियों के पात्र होंगे. प्रत्येक वेतनवृद्धि वेतनमान के अधिकतम वेतन स्तर तक पहुँचने के पश्चात प्रत्येक दो वर्ष की पूर्ण सेवा के लिए होगी , जिनमें प्रथम चार विराम वेतनवृद्धियाँ ₹2980/- प्रत्येक तथा अगली चार विराम वेतनवृद्धियाँ ₹3360/- प्रत्येक की होंगी:

बशर्ते कि, छठी विराम वेतनवृद्धि जारी होने के दो वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी सातवीं विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा:

बशर्ते यह भी कि, छठी विराम वेतनवृद्धि के जारी होने के चार वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी आठवीं विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा;

(f) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान IV में कार्यरत अधिकारी, पाँच विराम वेतनवृद्धियों के लिए पात्र होंगे. प्रत्येक वेतन वृद्धि वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँचने के पश्चात, प्रत्येक दो वर्ष की पूर्ण सेवा पर होगी, जिनमें से प्रथम विराम वेतनवृद्धि ₹ 3360/- की तथा शेष चार विराम वेतनवृद्धियाँ ₹3680/- प्रत्येक की होंगी:

बशर्ते कि, द्वितीय विराम वेतनवृद्धि जारी होने के दो वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022 जो भी बाद में हो, अधिकारी तृतीय विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा:

बशर्ते यह भी कि, द्वितीय विराम वेतनवृद्धि जारी होने के चार वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022 जो भी बाद में हो, अधिकारी चतुर्थ विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा:

तथा बशर्ते यह भी कि, द्वितीय विराम वेतनवृद्धि जारी होने के छह वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022 जो भी बाद में हो, अधिकारी पांचवी विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा;

(g) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान V में कार्यरत अधिकारी, चार विराम वेतनवृद्धियों के लिए पात्र होंगे. प्रत्येक वेतन वृद्धि वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँचने के पश्चात, प्रत्येक दो वर्ष की पूर्ण सेवा के लिए ₹4000/- प्रत्येक की होगी:

बशर्ते कि, वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँचने के चार वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी द्वितीय विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा:

बशर्ते यह भी कि, वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँचने के छह वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी तृतीय विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा:

तथा बशर्ते यह भी कि, वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँचने के आठ वर्ष बाद या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, अधिकारी चतुर्थ विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होगा;

(h) शीर्ष कार्यपालक श्रेणी वेतनमान VI में कार्यरत अधिकारी, तीन विराम वेतनवृद्धियों के लिए पात्र होंगे. प्रत्येक वेतन वृद्धि वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँचने के पश्चात, प्रत्येक दो वर्ष की पूर्ण सेवा पर होगी, जिनमें से प्रथम दो विराम वेतनवृद्धियाँ ₹4000/- प्रत्येक तथा तृतीय विराम वेतनवृद्धि ₹4340/- की होगी:

बशर्ते कि, जो अधिकारी पहले ही अपने वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँच चुके हैं, वे अधिकतम वेतनमान तक पहुँचने की तिथि के दो वर्ष पश्चात या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, ₹4000/- की प्रथम विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होंगे:

बशर्ते यह कि, जो अधिकारी पहले ही अपने वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँच चुके हैं, वे अधिकतम वेतनमान तक पहुँचने की तिथि के 4 वर्ष बाद या 1नवंबर 2022, जो भी बाद में हो ₹4000/- की द्वितीय विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होंगे:

बशर्ते यह भी कि, जो अधिकारी पहले ही अपने वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँच चुके हैं, वे अधिकतम वेतनमान तक पहुँचने की तिथि के 6 वर्ष बाद या 1 नवंबर 2022, जो भी बाद में हो ₹4340/- की तृतीय विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होंगे;

(i) शीर्ष कार्यपालक श्रेणी वेतनमान VII के अधिकारी, वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँचने के पश्चात, तीन विराम वेतनवृद्धियों के लिए पात्र होंगे, जो प्रत्येक दो वर्षों की पूर्ण सेवा पर ₹4340/- प्रत्येक की होगी:

बशर्ते कि, जो अधिकारी पहले ही अपने वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँच चुके हैं, वे अधिकतम वेतनमान तक पहुँचने की तिथि के दो वर्ष पश्चात या 1 नवम्बर, 2022, जो भी बाद में हो, से प्रथम विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होंगे:

बशर्ते यह भी कि, जो अधिकारी पहले ही अपने वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँच चुके हैं, वे अधिकतम वेतनमान तक पहुँचने की तिथि के 4 वर्ष बाद या 1 नवंबर 2022, जो भी बाद में हो, द्वितीय विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होंगे:

बशर्ते यह भी कि, जो अधिकारी पहले ही अपने वेतनमान के अधिकतम स्तर तक पहुँच चुके हैं, वे अधिकतम वेतनमान तक पहुँचने की तिथि के 6 वर्ष बाद या 1 नवंबर 2022, जो भी बाद में हो, तृतीय विराम वेतनवृद्धि के लिए पात्र होंगे.

नोट: इस उप-विनियम के खण्ड (c) से (i) में उल्लिखित विराम वेतनवृद्धियाँ, उस अधिकारी को प्रदान नहीं की जाएंगी, जो पदोन्नति के प्रस्ताव को अस्वीकार करता है.

स्पष्टीकरण.—इस उप-विनियम में उल्लिखित अनुसार अगले उच्चतर वेतनमान में दी गई ऐसी वेतनवृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा तथा अधिकारी के विशेषाधिकार, अनुलाभ, कर्त्तव्य और उत्तरदायित्व यथास्थिति, मूल पद के अनुसार बने रहेंगे.";

(b) उप-विनियम (2) में, —

(i) स्पष्टीकरण से पहले निम्नलिखित उपबंध जोड़े जाएंगे, अर्थात:

"बशर्ते कि 1 नवंबर, 2022 को या इसके बाद से, जूनियर एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स परीक्षा (जेएआईआईबी) या सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स परीक्षा के भाग 1 (सीएआईआईबी-I) को पूरा करने पर प्राप्त एक वेतन वृद्धि के अतिरिक्त, सीएआईआईबी/सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स परीक्षा के भाग II (सीएआईआईबी-II) को पूरा करने वाले अधिकारी अपने वेतनमान में दो वेतन वृद्धि के लिए पात्र होंगे:

बशर्ते कि जो अधिकारी 1 नवंबर 2022 तक बैंक की सेवाओं में थे और पहले ही सीएआईआईबी या सीएआईआईबी-II उत्तीर्ण कर चुके हैं, वे 1 नवंबर 2022 से या सीएआईआईबी या सीएआईआईबी II उत्तीर्ण करने की तिथि से , जो भी बाद में हो, द्वितीय अतिरिक्त वेतन वृद्धि के लिए पात्र होंगे:

यह भी उपबंधित है कि, ऐसे मामलों में जहां कोई अधिकारी 8 मार्च 2024 को या उसके बाद जेएआईआईबी (सीएआईआईबी I) या सीएआईआईबी (सीएआईआईबी II) उत्तीर्ण कर चुका हो या करेगा और उसने वेतनमान की अधिकतम सीमा [जेएआईआईबी (सीएआईआईबी-I) या सीएआईआईबी (सीएआईआईबी-II) के संदर्भ में] या अधिकतम वेतनमान से एक चरण कम [सीएआईआईबी (सीएआईआईबी II)] के संदर्भ में) प्राप्त करने के बाद यह योग्यता अर्जित की हो, तथा उसे इस योग्यता के आधार पर मिलने वाली वेतनवृद्धि इस कारण से नहीं मिली हो कि उसके वेतनमान में अवशेष वेतनवृद्धि उपलब्ध नहीं थी, तो ऐसे कर्मचारियों के लिए विराम वेतनवृद्धि, एक वर्ष या दो वर्ष से, जो लागू हो, पूर्वनिर्धारित कि जा सकती है.".

(ii) स्पष्टीकरण में, खण्ड (h) के पश्चात और नोट से पूर्व, निम्नलिखित खण्ड जोड़ा जाएगा, अर्थात्:-

"(i) 1 नवम्बर, 2022 से, अन्य सभी परिस्थितियाँ समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता वेतन की राशि को निम्नलिखित तालिका के अनुसार संशोधित किया जाएगा, अर्थात:—

तालिका

जिन्होंने जूनियर एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स या सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स की परीक्षा - भाग I (सीएआईआईबी- I) उत्तीर्ण की हो.	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष उपरांत ₹ 1370/- प्रति माह
जिन्होंने सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स की परीक्षा (सीएआईआईबी) या सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स की परीक्षा (सीएआईआईबी- II) के दोनों भाग उत्तीर्ण किए हों.	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष उपरांत ₹1370/- प्रति माह (ii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के दो वर्ष उपरांत ₹3425/- प्रति माह (iii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के तीन वर्ष उपरांत ₹5480/- प्रति माह

बशर्ते कि, वेतनमान के अधिकतम स्तर पर पहुंचने के उपरांत जूनियर एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स या सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स (कोई एक या दोनों भाग) की योग्यता प्राप्त करने वाले अधिकारी को ऐसी योग्यता प्राप्त करने की दिनांक से व्यावसायिक अर्हता वेतन की पहली किस्त प्रदान की जाएगी और व्यावसायिक अर्हता वेतन की बाद की किस्तें व्यावसायिक अर्हता वेतन की पहली किस्त के भुगतान की दिनांक के संदर्भ में होंगी.";

(iii) नोट में, खण्ड (v) के बाद, निम्नलिखित खण्ड जोड़े जाएंगे, अर्थात: –

"(vi) जो अधिकारी 1 नवंबर 2022 तक बैंक की सेवा में थे और पहले ही जेएआईआईबी (सीएआईआईबी- I) या सीएआईआईबी (सीएआईआईबी-II) उत्तीर्ण कर चुके थे एवं व्यावसायिक अर्हता वेतन – II प्राप्त कर रहे हैं, वे 1 नवंबर 2022 से या व्यावसायिक अर्हता वेतन – II जारी होने के 1 वर्ष बाद से, जो भी बाद में हो, व्यावसायिक अर्हता वेतन – III के लिए पात्र होंगे.

(vii) ऐसे अधिकारी जिन्होंने जेएआईआईबी (सीएआईआईबी-I) या सीएआईआईबी (सीएआईआईबी-II) उत्तीर्ण कर ली है और 1 नवंबर 2022 को या उससे पूर्व वेतनमान में अधिकतम तक पहुंच गए थे और जिन्हें 1 नवंबर 2022 को या उससे पूर्व प्रथम विराम वेतन वृद्धि प्राप्त नहीं हुई थी, वे 1 नवंबर 2022 से व्यावसायिक अर्हता वेतन-I के लिए पात्र होंगे और इस खण्ड के तहत व्यावसायिक अर्हता वेतन की बाद की किस्तें व्यावसायिक अर्हता वेतन I के भुगतान की दिनांक के संदर्भ में की जाएंगी.

(viii) वेतनमान VIII के अधिकारी व्यावसायिक अर्हता वेतन के लिए पात्र नहीं होंगे और यह उनके वेतन स्लिप घटकों का हिस्सा नहीं होगा.";

(c) उप-विनियम (3) में, —

(i) खण्ड (g) के बाद दिए गए **नोट** को हटाया जाएगा;

(ii) खण्ड (g) के बाद निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात्: –

"(h) दिनांक 1 नवंबर, 2022 को तथा उसके बाद से, अन्य बातों के समान रहते हुए, मकान किराया भत्ते सहित नियत वैयक्तिक वेतन निम्नलिखित दरों पर होगा और सेवा की पूरी अवधि के लिए स्थिर रहेगा:-

तालिका

वेतन वृद्धि घटक (₹)	**वेतन वृद्धि घटकों पर एक नवंबर को महंगाई भत्ता (₹)**	**कुल देय नियत वैयक्तिक वेतन जहां बैंक द्वारा आवास प्रदान किया जाता है (₹)**
(1)	**(2)**	**(3)**
2680	200	2880
2980	222	3202
3360	250	3610
3680	274	3954
4000	298	4298
4340	323	4663.

(i) अन्य सभी परिस्थितियाँ समान होते हुए, शीर्ष कार्यपालक श्रेणी वेतनमान VIII में मुख्य महाप्रबंधक के लिए नियत वैयक्तिक वेतन को मकान किराया भत्ता सहित निम्नलिखित तालिका में दर्शाई गई दरों के अनुसार दिया जाएगा और यह पूरे सेवा काल के दौरान स्थिर रहेगा: –

तालिका

वेतन वृद्धि घटक	**वेतन वृद्धि घटकों पर महंगाई भत्ता**	**कुल देय नियत वैयक्तिक वेतन जहां बैंक द्वारा आवास प्रदान किया जाता है**
(₹)	**(₹)**	**(₹)**
(1)	**(2)**	**(3)**
9000	669	9669.

नोट:

"(a) इस उप-विनियम के खण्ड (b), (c), (d), (e), (f), (g), (h) और (i) में तालिका के कॉलम (3) के तहत इंगित नियत वैयक्तिक भत्ता या नियत वैयक्तिक वेतन उन अधिकारियों को देय होगा जिन्हें बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराया गया है.

(b) मकान किराया भत्ता पात्र अधिकारियों के लिए नियत वैयक्तिक भत्ता या नियत वैयक्तिक वेतन, उपर्युक्त तालिका के कॉलम (1) और (2) में निर्दिष्ट राशि और संबंधित अधिकारी द्वारा आहृत मकान किराया भत्ते का योग होगा, जब वेतनमान की अंतिम वेतनवृद्धि विनियम 4 के उप-विनियम (2), (3), (4), (5), (6) (7) (8) और (9) अनुसार प्राप्त की गयी हो.

(c) केवल वे अधिकारी जो दिनांक 01.11.1993 को या उससे पूर्व बैंक की सेवा में थे, वे अपने वेतन के अधिकतम वेतनमान तक पहुंचने के एक वर्ष बाद नियत वैयक्तिक वेतन के लिए पात्र होंगे.

(d) 1 नवंबर, 1999 को और उसके बाद नियत वैयक्तिक वेतन जारी होने के कारण उप विनियमन (2) के स्पष्टीकरण के खण्ड (c) में उल्लिखित व्यावसायिक अर्हता भत्ते की जारी अनुसूची में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा:

बशर्ते कि जहां पहले प्रावधानों के कारण व्यावसायिक अर्हता वेतन की कोई भी किस्त एक वर्ष से स्थानांतरित हो चुकी थी और जो 1 नवंबर, 1999 को या उसके बाद जारी की जाने वाली थी उसे उसी दिनांक से जारी कर दिया जाएगा और व्यावसायिक अर्हता वेतन की दूसरी किस्त, यदि कोई हो, को 1 नवंबर, 2000 से जारी किया जाएगा.

(e) स्थायी वैयक्तिक भत्ता या स्थायी वैयक्तिक वेतन के वेतनवृद्धि घटक को सेवानिवृत्ति लाभों के लिए गणना में लिया जाएगा.

(f) एक अधिकारी जिसने उक्त खण्ड (a) के अनुसार अग्रिम वेतन वृद्धि अर्जित की है, उसे वेतनमान के अधिकतम तक पहुंचने के एक वर्ष उपरांत इस उप विनियम के खण्ड (b), (c), (d), (e), (f), (g), (h) तथा (i) में उल्लेखित स्थायी वैयक्तिक भत्ता या स्थायी वैयक्तिक वेतन की निर्धारित राशि प्राप्त होगी.

5. विनियम 7 के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्: –

"(7). नियुक्ति के तिथि पर वर्गीकरण —विनियम 6 के प्रावधानों के अधीन, नियुक्ति की तिथि पर बैंक में अधिकारियों के विभिन्न पदों का वर्गीकरण निम्नलिखित तालिका में निर्दिष्ट अनुसार किया जाएगा:

तालिका

पद	श्रेणी या वेतनमान जिसमें अधिकारी पदस्थापित हैं
(1)	(2)
मुख्य महाप्रबंधक	शीर्ष कार्यपालक श्रेणी – वेतनमान VIII
महाप्रबंधक	शीर्ष कार्यपालक श्रेणी – वेतनमान VII
संयुक्त महाप्रबंधक / उप महाप्रबंधक	शीर्ष कार्यपालक श्रेणी – वेतनमान VI
सहायक महाप्रबंधक	वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी – वेतनमान V
मुख्य प्रबंधक	वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी – वेतनमान IV
वरिष्ठ प्रबंधक	मध्य प्रबंधन श्रेणी – वेतनमान III
प्रबंधक	मध्य प्रबंधन श्रेणी – वेतनमान II
सहायक प्रबंधक	कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी – वेतनमान I

"बशर्ते कि उपर्युक्त वर्गीकरण से उत्पन्न होने वाली किसी भी कठिनाई और विसंगति को प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी और केंद्र सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त ऐसे अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों से मिलकर बनी एक समिति को निर्णय के लिए भेजा जाएगा".

6. उक्त विनियमों के विनियम 21 में, –

(a) उप-विनियम (7) के बाद और स्पष्टीकरण से पहले, निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात्: –

"(8) 1 नवम्बर 2022 से, –

(a) महंगाई भत्ता, सूचकांक के प्रति प्रतिशत बिन्दु पर, वेतन का 1% देय होगा;

(b) उपर्युक्त तरीके से महंगाई भत्ते का भुगतान औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधार 2016=100 के तिमाही औसत में 123.03 अंकों से ऊपर की वृद्धि या गिरावट के प्रत्येक परिवर्तन के लिए किया जाएगा. सीपीआई 2016 के सूचकांक 123.03 अंकों के ऊपर, प्रत्येक दूसरे दशमलव स्थान के परिवर्तन के लिए वेतन पर महंगाई भत्ते में 0.01% परिवर्तन होगा;

(c) महंगाई भत्ते की दर में परिवर्तन को तिमाही आधार पर, 1 मई, 1 अगस्त, 1 नवम्बर और 1 फरवरी को निम्नानुसार जारी किया जाएगाः अर्थात :—

महंगाई भत्ते के जारी होने की दिनांक	माह के सीपीआई अंकों का तिमाही औसत	माह के लिए लागू
(1)	(2)	(3)
1 मई	जनवरी, फरवरी और मार्च	मई, जून और जुलाई
1 अगस्त	अप्रैल, मई और जून	अगस्त, सितंबर और अक्टूबर
1 नवम्बर	जुलाई, अगस्त और सितंबर	नवम्बर, दिसंबर और जनवरी
1 फरवरी	अक्टूबर, नवम्बर और दिसंबर	फरवरी, मार्च और अप्रैल

(d) महंगाई भत्ते की कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी;

(e) तिमाही औसत निकालते समय केवल पहले दो दशमलव अंकों पर ही विचार किया जाएगा.";

(b) स्पष्टीकरण में, खण्ड (b) के लिए, निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: –

"(b) विनियम 5 के उप-विनियम (2) में स्पष्टीकरण के खण्ड (c), (d), (e), (f), (g), (h) और (i) में निर्दिष्ट व्यवसायिक अर्हता भत्ता या व्यावसायिक अर्हता वेतन महंगाई भत्ते की गणना के लिए पात्र होंगे".

7. उक्त विनियमों के विनियम 22 में उपनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा:

'(1) 1 नवंबर, 2022 से —

(a) जहां किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है, वहां वेतनमान के प्रथम चरण में मूल वेतन के 0.35 प्रतिशत के बराबर राशि या आवास के लिए मानक किराया, जो भी कम हो, अधिकारी से वसूल किया जाएगा;

(b) जहां एक अधिकारी को बैंक द्वारा कोई आवासीय सुविधा प्रदान नहीं की जाती है, तो वह निम्नलिखित तालिका में निर्दिष्ट दरों पर मकान किराया भत्ते के लिए पात्र होगा:

तालिका

कार्य का स्थान	मकान किराया भत्ता
(1)	(2)
(i) प्रमुख "A" श्रेणी के शहर और समूह A में प्रोजैक्ट एरिया केंद्र	वेतन का 10.00%
(ii) क्षेत्र I में अन्य स्थान और समूह B में प्रोजैक्ट एरिया केंद्र और गोवा राज्य	वेतन का 9.00%
(iii) अन्य स्थान	वेतन का 8.00%

बशर्ते कि यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है, तो उसे देय मकान किराया भत्ता, उसके वेतनमान के प्रथम चरण में वेतन के 0.35 प्रतिशत के अतिरिक्त, उसके द्वारा आवास के लिए भुगतान किया गया वास्तविक किराया होगा जो कि, उपरोक्त तालिका के कॉलम (2) में उल्लिखित दरों के अनुसार देय मकान किराया भत्ते का अधिकतम 150 प्रतिशत तक सीमित होगा.

नोट: - यथा पूर्ववत, अपने स्वामित्व वाले आवास की लागत से जुड़े मकान किराया भत्ते के लिए अधिकारियों के दावे भी मकान किराया भत्ते के 150 प्रतिशत तक सीमित रहेंगे.'.

8. उक्त विनियमों के विनियम 23 में, –

(a) उप-विनियम (1) और (2) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम क्रमशः प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्: –

"(1) 1 नवंबर, 2022 से, यदि कोई अधिकारी नीचे दी गई तालिका के कॉलम (1) में उल्लिखित स्थान पर कार्यरत है, तो उस स्थान पर कॉलम (2) में उल्लिखित दर पर शहर प्रतिपूरक भत्ता देय होगा.

तालिका

स्थान	**दर**
(1)	(2)
(i) क्षेत्र 1 और उससे ऊपर के स्थान और गोवा राज्य में	₹ 2300/- प्रति माह
(ii) पाँच लाख और उससे अधिक आबादी वाले स्थान और राज्य की राजधानियाँ और चंडीगढ़, पुडुचेरी और पोर्ट ब्लेयर	₹ 1900/- प्रति माह

(2) 1 नवंबर, 2022 से, विशेष क्षेत्र भत्तों की दरें इन विनियमों की अनुसूची में निर्दिष्ट अनुसार होंगी:

बशर्ते कि अनुसूची के कॉलम (1) में इंगित किसी भी स्थान पर, यदि उप-विनियम (10) के तहत प्रदत्त पहाड़ी और ईंधन भत्ता भी देय है, तो अधिकारी दोनों भत्तों में से केवल उच्चतर भत्ता आहरित करने के पात्र होंगे, दोनों के नहीं.";

(b) उप-विनियम (4), (5), (6) और (7) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम क्रमशः प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:-

"(4) 1 अप्रैल, 2024 से, यदि किसी अधिकारी का शैक्षणिक वर्ष के मध्य में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण होता है और यदि उसकी एक या अधिक संतान पूर्व स्थान पर स्कूल या कॉलेज में पढ़ रही हैं, तो वह नवीन स्थान पर रिपोर्ट करने की तिथि से शैक्षणिक वर्ष के अंत तक, प्रति संतान ₹2500/- प्रति माह की दर से, अधिकतम दो बच्चों के लिए, मध्य-शैक्षणिक वर्ष स्थानांतरण भत्ता प्राप्त करने हेतु पात्र होगा:

बशर्ते कि यह भत्ता उस अवस्था में रोक दिया जाएगा, यदि सभी संतान पहले के स्थान पर अध्ययन करना बंद कर देते हैं.

(5) 1 अप्रैल, 2024 से, यदि किसी अधिकारी को बैंक के बाहर सेवा करने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है, तो वह उस पद से जुड़ी परिलब्धियाँ प्राप्त करने का विकल्प चुन सकता है जिस पर उसे प्रतिनियुक्त किया गया है, या वह अपने वेतन के अतिरिक्त, वेतन का 7.75 प्रतिशत की दर से अधिकतम ₹7500/- प्रति माह प्रतिनियुक्ति भत्ता और ऐसे अन्य भत्ते आहरित कर सकता है जो उसे उस स्थान पर बैंक की सेवा में पदस्थापित होने पर मिलते:

बशर्ते कि यदि ऐसा अधिकारी ऐसे संगठन में प्रतिनियुक्त किया जाता है जो उसी स्थान पर स्थित है या ऐसे प्रशिक्षण प्रतिष्ठान में प्रतिनियुक्त किया जाता है जिसका स्वामित्व बैंक के पास नहीं है जहां वह प्रतिनियुक्ति से तत्काल पूर्व पदस्थापित था, या ऐसे प्रशिक्षण प्रतिष्ठान जिसका स्वामित्व बैंक के पास नहीं है, वहां उसे अपने वेतन के 4 प्रतिशत के बराबर प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा जो अधिकतम ₹3750/- प्रति माह तक सीमित होगा:

बशर्ते यह भी कि यदि किसी अधिकारी को किसी महानगर या प्रमुख A श्रेणी के शहर में एक ही नगरपालिका क्षेत्र या शहरी समूह के भीतर किसी अन्य कार्यालय या शाखा में प्रतिनियुक्त किया जाता है, और वह स्थान मूल शाखा या कार्यालय से 20 किलोमीटर या अधिक दूरी पर है तो उसे विनियम 41 के उप-विनियम (4) में उल्लिखित विराम भत्ता देय होगा.

(6) 1 अप्रैल, 2024 को एवं उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को एक समय में कम से कम चार दिन या एक कैलेंडर माह के दौरान कुल मिलाकर चार दिन की निरंतर अवधि के लिए उच्चतर वेतनमान में किसी पद पर स्थानापन्न होना अपेक्षित है, तो उसे अपने मूल वेतन के 15% के बराबर स्थानापन्न भत्ता मिलेगा, जो उस अवधि के लिए आनुपातिक होगा जिसके लिए वह स्थानापन्न कार्य करता है और स्थानापन्न भत्ता केवल भविष्य निधि और पेंशन के प्रयोजनों के लिए वेतन के रूप में गिना जाएगा:

बशर्ते कि यदि कोई अधिकारी विनियम 6 के तहत पदों के वर्गीकरण की समीक्षा के परिणामस्वरूप उच्चतर वेतनमान में स्थानापन्न कार्य करने के लिए नियुक्त किया जाता है, तो वह वर्गीकरण की समीक्षा प्रभावी होने की दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिए स्थानापन्न भत्ते के लिए पात्र नहीं होगा.

(7) 1 अप्रैल 2024 को एवं उसके बाद से अधिकारी प्रत्येक तिमाही के लेखाबंदी के लिए प्रति तिमाही ₹1500/- के लेखाबंदी भत्ते के लिए पात्र होंगे.";

(c) उप-विनियम (10), (11), (12) और (13) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम क्रमशः प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्: –

"(10) 1 नवंबर, 2022 से, एक अधिकारी नीचे दी गई तालिका में निर्दिष्ट अनुसार पहाड़ी और ईंधन भत्ते के लिए होगा, अर्थात्: –

स्थान	दर
(1)	(2)
(i) 1000 मीटर और उससे अधिक लेकिन 1500 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान और मर्करा शहर	वेतन का 2% जो अधिकतम ₹1450/- प्रति माह.
(ii) 1500 मीटर और उससे अधिक लेकिन 3000 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 2.5% जो अधिकतम ₹1900/- प्रति माह.
(iii) 3000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थान	वेतन का 5% जो अधिकतम ₹3750/- प्रति माह

नोट :

a) ऐसे अधिकारी जो न्यूनतम 750 मीटर की ऊंचाई वाले स्थानों पर पदस्थापित हैं और उच्च ऊंचाई वाली पहाड़ियों से घिरे हुए हैं, जहां 1000 मीटर या उससे अधिक की ऊंचाई पार किए बिना नहीं पहुँचा जा सकता है, उन्हें उसी दर पर पहाड़ी और ईंधन भत्ता दिया जाएगा जो 1000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले केंद्रों पर देय है.

b) पहाड़ी और ईंधन भत्ता, जो वर्तमान मे किसी ऐसे केंद्र पर दिया जा रहा है, जो उपरोक्त वर्गीकृत स्थान में शामिल नहीं है, वापस ले लिया गया है.

बशर्ते कि ऐसे अधिकारी जो 1 मई 1989 से पहले ऐसे केंद्रों पर पदस्थापित था और उस तिथि के बाद भी उसी केंद्र पर पदस्थापित रहता है तो, 30 अप्रैल 1989 को वह जिस भत्ते की राशि प्राप्त कर रहा था, वह राशि संरक्षित की जाएगी और जब तक वह उसी वेतनमान में उस केंद्र पर पदस्थापित रहता है, तब तक उसे हर माह भुगतान की जाएगी.

(11) 1 नवंबर 2022 से, अधिकारी 850/- रुपये प्रति माह के शिक्षण भत्ते के साथ-साथ उस पर लागू महंगाई भत्ते के लिए पात्र होंगे.

नोट: शिक्षण भत्ता एवं उस पर लागू महंगाई भत्ते को अधिवर्षिता लाभों, अर्थात परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना (नई पेंशन योजना), पीएफ और ग्रेच्युटी सहित पेंशन के लिए नहीं गिना जाएगा.

(12) 1 नवंबर 2022 से, वे अधिकारी जो नगर प्रतिपूरक भत्ते के लिए पात्र क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों में पदस्थापित हैं, वे 1200/- रुपये प्रति माह के नियत स्थान भत्ते के लिए पात्र होंगे. इस नियत स्थान भत्ते को महंगाई भत्ता, सेवानिवृत्ति लाभ, अर्थात परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना (नई पेंशन योजना) सहित पेंशन, भविष्य निधि और ग्रेच्युटी के भुगतान के लिए नहीं गिना जाएगा.

(13) (a) वित्तीय वित्त वर्ष 2023-24 से, सभी अधिकारी कर्मचारियों को बैंक के सक्षम प्राधिकारी द्वारा उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार निम्नलिखित चयनित मानदंडों के आधार पर कार्यनिष्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) देय होगा:

(i) चालू खाता और बचत खाता (कासा)

(ii) गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (एनपीए)

(iii) विशेष उल्लेखित खाते (एसएमए)

(iv) गैर-ब्याज आय

(v) कुल व्यवसाय

(vi) लाभप्रदता

(vii) परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) या इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई)

(viii) सरकारी योजनाएँ.

(b) कार्य निष्पादन से जुड़े प्रोत्साहन की राशि सक्षम प्राधिकारी द्वारा खण्ड (a) में उल्लिखित मैट्रिक्स के आधार पर वेतन (मूल वेतन + महंगाई भत्ता) के 0-15 (अधिकतम) दिनों की संख्या में देय होगी.

9. उक्त विनियमों के विनियम 24 में, –

(a) उप-विनियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: –

"(1) 1 नवंबर, 2022 से, एक अधिकारी स्वयं और परिवार हेतु चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति, स्वयं अधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र के आधार पर जिसमें व्यय की गयी राशि खाते के विवरण से समर्थित होती हो, दावा राशि के लिए नीचे दी गई तालिका में निर्दिष्ट अनुसार पात्र होगा, अर्थात्: –

तलिका

श्रेणी	**प्रतिपूर्ति की अधिकतम सीमा**
(1)	(2)
कनिष्ठ प्रबंधन और मध्य प्रबंधन श्रेणी	₹13000/- प्रति वर्ष या खर्च की गई राशि, जो भी कम हो
वरिष्ठ प्रबंधन और शीर्ष कार्यपालक श्रेणी	₹15400/- प्रति वर्ष या खर्च की गई राशि, जो भी कम हो.

नोट 1: – किसी भी अधिकारी को अप्रयुक्त चिकित्सा सहायता को संचित करने की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि यह किसी भी समय ऊपर दी गई अधिकतम राशि से तीन गुना अधिक न हो.

नोट 2: – कैलेंडर वर्ष **2022** के लिए**,** चिकित्सा सहायता योजना के तहत चिकित्सा व्ययों की प्रतिपूर्ति दो महीनों**,** अर्थात् नवंबर **2022** और दिसंबर **2022** के लिए आनुपातिक रूप से बढ़ाई जाएगी.**".**

(b) उप-विनियम (3) के बाद**,** निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा**,** अर्थात्: **–**

"(4) सभी अधिकारी नेत्र परीक्षण के लिए प्रति वर्ष ₹500/- की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे."

10. उक्त विनियमों के विनियम 25 में, उप-विनियम (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: –

"(2) उप-विनियम (1) में निहित प्रावधानों के बावजूद, बैंक किसी अधिकारी को आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसके लिए अधिकारी द्वारा, 1 नवम्बर 2022 से, उसके वेतनमान के प्रथम चरण में मूल वेतन के 0.35 प्रतिशत या आवास के लिए मानक किराया राशि, जो भी कम हो, का भुगतान किया जाएगा जो कि;

बशर्ते कि यदि अधिकारी को ऐसे आवास में फर्नीचर उपलब्ध कराया जाता है, तो वेतनमान के प्रथम चरण में मूल वेतन के 0.075 प्रतिशत के बराबर राशि बैंक द्वारा उससे वसूल की जाएगी:

बशर्ते यह भी कि, यदि ऐसा आवास बैंक द्वारा उपलब्ध किया जाता है, तो बिजली, पानी, गैस और रख-रखाव प्रभार, अधिकारी द्वारा वहन किए जाएंगे.".

11. उक्त विनियमों के विनियम 31 में, निम्नलिखित उपबंध जोड़ा जाएगा, अर्थात् –

"बशर्ते कि, यदि स्वीकृति प्राधिकारी किसी अधिकारी का अवकाश अस्वीकृत करता है या स्थगित करता है, तो स्वीकृति प्राधिकारी को इसके कारणों को लिखित रूप में दर्ज करना होगा.".

12. उक्त विनियमों के विनियम 32 में, उप-विनियम (2) के बाद, निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात्:-

"(3) 1 अप्रैल, 2024 से, एक अधिकारी एक वर्ष में चार अवसरों पर आधे दिन के लिए दो दिन का आकस्मिक अवकाश लेने का पात्र होगा, जिसमें से दो अवसर प्रातः और दो अवसर अपरान्ह काल होंगे:

बशर्ते कि इस श्रेणी के तहत आकस्मिक अवकाश 24 घंटे पहले आवेदन करने के बाद लिया जाएगा.

बशर्ते कि जब अवशेष आकस्मिक अवकाश को अप्रयुक्त अवकाश खाते में स्थानांतरित किया जाएगा, तो शेष अवकाश में कोई भिन्नांश (फ्रेक्शन) होने की स्थिति मे, उसे अनदेखा किया जाएगा.".

13. उक्त विनियमों के विनियम 33 में, –

(a) उप-विनियम (4) और (5) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम क्रमशः प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्:-

"(4) 1 जून 2015 से, अधिकतम दो सौ सत्तर दिन तक विशेषाधिकार अवकाश संचित किया जा सकेगा, सिवाय इसके कि जहां अवकाश के लिए आवेदन किया गया हो और उसे अस्वीकार कर दिया गया हो:

बशर्ते कि 1 अप्रैल 2024 से, विशेषाधिकार अवकाश का नकदीकरण अधिकतम दो सौ पचपन दिनों तक सीमित रहेगा:

बशर्ते कि, अधिकारी अपनी पसंद के किसी भी त्यौहार के समय प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में पाँच दिनों की दर से विशेषाधिकार अवकाश के नकदीकरण का भी पात्र होगा और जो अधिकारी पचपन वर्ष और उससे अधिक की आयु पूरी कर चुके हैं, वे अपनी सेवानिवृत्ति तक प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में सात दिनों की दर से विशेषाधिकार अवकाश के नकदीकरण के पात्र होंगे.

(5) अवकाश किराया रियायत प्रयोजन को छोडकर, विशेषाधिकार अवकाश लेने हेतु इच्छुक अधिकारी को सामान्यतः ऐसे अवकाश लेने के लिए कम से कम दस दिन पूर्व सूचना देनी होगीः

बशर्ते कि 1 अप्रैल, 2024 से, पंजीकृत ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों और कार्यकारी समिति के सदस्यों को विशेषाधिकार अवकाश का लाभ उठाने के लिए ऐसी दस दिन की पूर्व सूचना की आवश्यकता नहीं होगी.";

(b) उप-विनियम (6) के बाद, निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात्: –

"(7) 1 अप्रैल 2024, से विशेषाधिकार अवकाश की गणना के लिए आकस्मिक अवकाश और अनिवार्य अवकाश के अतिरिक्त सभी प्रकार के अवकाश को छोड़ दिया जाएगा.".

14. उक्त विनियमों के विनियम 34 में, –

(a) उप-विनियम (1) में, निम्नलिखित उपबंध जोड़ा जाएगा, अर्थात्: –

"बशर्ते कि 1 अप्रैल 2024 से अधिकारी सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए एक माह, की दर से चिकित्सा अवकाश के लिए पात्र होंगे:

बशर्ते कि अधिकारी की पूरी सेवा में चिकित्सीय अवकाश (विनियम 35 में उल्लिखित अतिरिक्त चिकित्सीय अवकाश सहित) की कुल संख्या सात सौ बीस दिनों से अधिक नहीं होगी.";

(b) उप-विनियम (5) के बाद, निम्नलिखित उप-विनियम जोड़े जाएंगे, अर्थात्: –

"(6) 1 अप्रैल, 2024 से, एकल पुरुष अभिभावक कर्मचारी अपने आठ वर्ष और उससे कम आयु के बच्चों की बीमारी में देखभाल हेतु चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर चिकित्सा अवकाश उपयोग कर सकता है.

(7) 1 अप्रैल, 2024 से, महिला कर्मचारी बिना चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए प्रति माह एक दिन की चिकित्सा अवकाश का उपयोग कर सकती है.

(8) 1 अप्रैल, 2024 से, कोई भी अधिकारी अपने पंद्रह वर्ष और उससे कम आयु के दिव्यांग बच्चे की बीमारी के लिए एक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम दस दिनों की अवधि के लिए, चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, चिकित्सा अवकाश का उपयोग कर सकते हैं.

(9) 1 अप्रैल, 2024 से, अट्ठावन वर्ष और उससे अधिक आयु के अधिकारी, अपने पति या पत्नी के अस्पताल में भर्ती होने पर, जो कि कार्यस्थल के अलावा किसी अन्य केंद्र पर स्थित हों, एक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम तीस दिनों की अवधि के लिए चिकित्सा अवकाश का उपयोग कर सकते हैं.".

15. उक्त विनियमों के विनियम 36 में, –

a) उप-विनियम (1) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: –

"(1) एक महिला कर्मचारी, अपने वर्तमान वेतन पर, किसी एक अवसर पर अधिकतम छह माह और अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान अधिकतम 12 माह के लिए मातृत्व अवकाश के लिए पात्र होगी:

बशर्ते कि जुड़वा बच्चों के जन्म लेने के मामले में, मातृत्व अवकाश की अवधि आठ माह होगी:

बशर्ते यह भी कि 1 अप्रैल, 2024 से, एक प्रसव में दो से अधिक बच्चों के जन्म के मामले में, मातृत्व अवकाश की अवधि बारह माह होगी.

बशर्ते यह भी कि मातृत्व अवकाश किसी अन्य प्रकार के अवकाश के साथ मिलाकर, आकस्मिक अवकाश को छोड़कर, लिया जा सकता है.";

b) उप- विनियम (4) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: –

"(4) एक महिला कर्मचारी पूरी सेवा के दौरान एक बार, एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को कानूनी रूप से गोद लेने के लिए अधिकतम नौ माह का अवकाश निम्नलिखित नियमों व शर्तों के तहत ले सकती है:- अर्थात्: –

a. अवकाश केवल एक बच्चे को गोद लेने के लिए दिया जाएगा;

b. बच्चे को गोद, उचित कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से लिया गया हो और यह अवकाश स्वीकृत कराने के लिए कर्मचारी बैंक को दत्तक ग्रहण विलेख प्रस्तुत किया हो;

c. सरोगेसी के माध्यम से बच्चे के जन्म के मामलों में जैविक माताओं को भी अवकाश उपलब्ध होगा;

d. अवकाश का लाभ पूरी सेवा अवधि के दौरान बारह माह की समग्र पात्रता के भीतर लिया जा सकेगा.";

c) उप-विनियम (6) के बाद, निम्नलिखित उप-विनियम जोड़े जाएंगे, अर्थात्: –

"(7) 1 अप्रैल 2024 से, इनविट्रो फर्टिलिटी (आईवीएफ) उपचार के लिए बारह माह की समग्र सीमा के भीतर चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर मातृत्व अवकाश लिया जा सकता है.

(8) 1 अप्रैल 2024 से, किसी मृत जन्म या शिशु के जन्म के 28 दिनों के भीतर मृत्यु होने की स्थिति में महिला कर्मचारी साठ दिनों तक का विशेष मातृत्व अवकाश ले सकती है.".

16. उक्त विनियमों के विनियम 37A के लिए, निम्नलिखित विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: –

"37(A) विशेष आकस्मिक अवकाश और विशेष अवकाश— (1) 1 नवंबर 2020 से, एक अधिकारी, जिस शाखा मे कार्यरत है या जिस स्थान पर निवास करता है, उस स्थान के कर्फ्यू, दंगे, निषेधात्मक आदेश, प्राकृतिक आपदाओं, बाढ़ आदि से प्रभावित होने पर, विशेष आकस्मिक अवकाश के लिए पात्र होगा.

(2) 1 नवंबर, 2020 से, शारीरिक या आर्थोपेडिक रूप से दिव्यांग अधिकारी चार दिन के विशेष आकस्मिक अवकाश के लिए पात्र होंगे.

(3) 1 अप्रैल 2024 से, अखिल भारतीय अधिकारी संघों या एसोसिएशनों के प्रमुख पदाधिकारियों को एक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम पच्चीस दिनों का विशेष अवकाश प्रदान किया जाएगा.

(4) 1 अप्रैल 2024 से, कोई अधिकारी यदि किसी विभागीय जांच में बचाव प्रतिनिधि है, तो वह, किसी अधिकारी के बचाव प्रस्तुतीकरण तैयार करने के लिए एक दिन का विशेष अवकाश ले सकता हैं:

बशर्ते कि यह विशेष अवकाश एक वर्ष में अधिकतम दस अवसरों पर लिया जा सकेगा.

(5) किसी अधिकारी को, समय-समय पर केंद्र सरकार की दिशानिर्देशों के अनुसार बोर्ड के निर्णय द्वारा विशेष आकस्मिक अवकाश और कोई अन्य विशेष अवकाश भी, प्रदान की जा सकती है.".

17. उक्त विनियमों के विनियम 37(A) के बाद, निम्नलिखित विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात्: –

"37 (B). शोक अवकाश— किसी अधिकारी को परिवार के सदस्यों (पति/पत्नी, बच्चों, माता-पिता और सास-ससुर) के निधन पर बोर्ड द्वारा समय-समय निर्धारित अवधि के अनुसार शोक अवकाश प्रदान किया जाएगा:

यह भी उपबंधित है कि बीच में आने वाली छुट्टियाँ भी इस अवकाश की अवधि में शामिल की जाएंगी:

यह भी उपबंधित है कि उक्त अवकाश का उपयोग मृत्यु के तिथि से अधिकतम 15 दिनों के भीतर किया जाएगा:

इसके अलावा यह भी प्रावधान है कि उक्त अवकाश को "विशेषाधिकार अवकाश" की गणना के उद्देश्य से 'सक्रिय सेवा' नहीं माना जाएगा.".

18. उक्त विनियमों के विनियम 41 में, –

(a) उप-विनियम (1) के लिए, निम्नलिखित उप-विनियम प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: –

"(1) 1 अप्रैल 2024 से, जहाँ भी किसी अधिकारी को ड्यूटी पर यात्रा करने की आवश्यकता होती है, निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे, अर्थात्:-

(a) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी के अधिकारी किसी भी ट्रेन में, एसी प्रथम श्रेणी में प्रीमियम ट्रेनों सहित, अर्थात राजधानी या शताब्दी या तेजस या वंदे भारत या अमृत भारत (लक्जरी ट्रेनों को छोड़कर) आदि में, यात्रा करने हेतु अधिकृत होंगे:

परंतु यदि व्यावसायिक या सार्वजनिक हित की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी जाती है तो एसे अधिकारी हवाई जहाज (इकोनॉमी क्लास) से यात्रा कर सकते हैं;

(b) मध्य प्रबंधन श्रेणी के अधिकारी ऊपर खण्ड (a) में उल्लिखित प्रीमियम ट्रेनों सहित किसी भी ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी में यात्रा करने हेतु पात्र होंगे:

बशर्ते कि यदि यात्रा की की दूरी 500 किलोमीटर से अधिक है तो वे हवाई जहाज (इकोनॉमी क्लास) से यात्रा कर सकते हैं:

इसके अतिरिक्त यदि व्यावसायिक या सार्वजनिक हित की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति दी जाती है, तो ऐसे अधिकारी कम दूरी के लिए भी हवाई जहाज (इकोनॉमी क्लास) से यात्रा कर सकते हैं;

(c) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी या शीर्ष कार्यपालक श्रेणी के अधिकारी ऊपर खण्ड (a) में उल्लिखित प्रीमियम ट्रेनों सहित किसी भी ट्रेन के एसी प्रथम श्रेणी में या हवाई जहाज (इकोनॉमी क्लास) में यात्रा करने हेतु पात्र होंगे;

(d) वरिष्ठ प्रबंधन या शीर्ष कार्यपालक श्रेणी के अधिकारी हवाई या रेल लाइन से न जुड़े स्थानों के मध्य कार से यात्रा कर सकते हैं, बशर्ते कि दूरी 500 किलोमीटर से अधिक न हो;

परंतु यदि जब दो स्थानों के मध्य की दूरी का बड़ा हिस्सा हवाई या रेल से ही तय किया जा सकता हो, तो सामान्यतः केवल शेष दूरी ही कार से तय की जानी चाहिए;

(e) किसी भी श्रेणी के अधिकारी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा, व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, स्वयं के वाहन, टैक्सी या बैंक के वाहन से यात्रा करने के लिए अधिकृत की जा सकती है;

(f) किसी भी श्रेणी या वेतनमान के अधिकारी, सड़क, हवाई या रेल से न जुड़े स्थानों के मध्य डीलक्स केबिन श्रेणी में जल परिवहन द्वारा यात्रा करने के लिए पात्र होंगे;

(g) कोई भी अधिकारी प्रीमियम ट्रेनों (लक्जरी ट्रेनों को छोड़कर) में किराए हेतु पात्र होगा.

नोट 1: ट्रेन किराए पर लगाया गया वस्तु एवं सेवा कर शुल्क पात्रता के अतिरिक्त देय होगा.

नोट 2: वर्तमान डायनेमिक किराया प्रणाली को ध्यान में रखते हुए, टिकिट बुकिंग की तिथि पर लिए गए ट्रेन टिकटों के किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी.";

(b) उप-विनियम (2) में, खण्ड (ii) के बाद, निम्नलिखित स्पष्टीकरण जोड़ा जाएगा, अर्थात्: –

स्पष्टीकरण—इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए, 1 फरवरी, 2023 से, प्रति किलोमीटर की दर निम्नानुसार होगी:

तालिका

क्र सं	वाहन का प्रकार	प्रति किलोमीटर प्रतिपूर्ति की संशोधित दर
1	चार पहिया वाहन - 1000 सीसी या उससे अधिक की इंजन क्षमता	₹ 11.00/-
2	चार पहिया वाहन - 1000 सीसी से कम की इंजन क्षमता	₹ 9.00/-
3	मोटर साइकिल और स्कूटर	₹ 6.00/-
4	मोपेड	₹.4.00/-."

(c) उप-विनियम (4) में, खण्ड (a) और (b) के लिए, निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात्: –

'4 (a) 1 अप्रैल 2024 से, निम्न तालिका के कॉलम (1) में निर्धारित श्रेणी या वेतनमान का कोई भी अधिकारी कॉलम (2) में निर्धारित संबंधित दरों पर *प्रतिदिन* विराम भत्ते हेतु पात्र होंगे, अर्थात:-

तालिका

अधिकारियों की श्रेणी या वेतनमान	विराम भत्ता			
	महानगर ₹	प्रमुख 'ए' श्रेणी के शहर ₹	क्षेत्र I ₹	अन्य स्थान ₹
(1)	**(2)**			
वेतनमान VI एवं उससे ऊपर के अधिकारी	4050	2925	2475	2150
वेतनमान IV एवं V के अधिकारी	3375	2925	2475	2150
वेतनमान I, II एवं III के अधिकारी	2925	2475	2150	1800

यह भी उपबंधित है कि अनुपस्थिति की कुल अवधि आठ घंटे से कम लेकिन चार घंटे से अधिक है, तो विराम भत्ता उपरोक्त दर का आधा होगा.

स्पष्टीकरण-विराम भत्ते की गणना के प्रयोजन के लिए, "प्रतिदिन" का तात्पर्य चौबीस घंटे की प्रत्येक अवधि या उसके बाद के किसी भाग से होगा, जिसकी गणना हवाई यात्रा के मामले में प्रस्थान के लिए रिपोर्टिंग समय और अन्य मामलों में प्रस्थान के निर्धारित समय से लेकर आगमन के वास्तविक समय तक की जाएगी और जहां अनुपस्थिति की कुल अवधि चौबीस घंटे से कम है, वहां "प्रतिदिन" का तात्पर्य आठ घंटे की अवधि से कम नहीं होगा.

(b) निम्न तालिका के कॉलम (1) में निर्धारित श्रेणी या वेतनमान के अधिकारी, कॉलम (2) में निर्दिष्ट संबंधित स्टार श्रेणी के भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) के होटलों में एकल कमरे के आवास शुल्क तक सीमित, होटल के वास्तविक व्ययों की प्रतिपूर्ति प्राप्त कर सकते हैं:

तालिका

अधिकारी की श्रेणी या वेतनमान	ठहरने की पात्रता
